[Shri A. K. Rajan]

All the Hydro-electrice Projects in the State both under execution and investigation are very badly affected due to this Act. Even in case of projects nearing completion, it has not been possible to do the survey and construction of transmission lines because of obstruction from forest authorities in the light of the above Act.

The order No. 8/22/81-FRY (Coord) dated 24/25-9-1981 of the Government of India, Ministry of Agriculture, exempts only the survey and investigation of Transmission lines, which does not help the State Electricity Boards much in the construction and commissioning of hydel and transmission projcets in the State.

As regards new schemes, the Planning Commission and Central Government will accord sanction only ofter they are cleared by the Committee on Environment|ecology constituted for the purose. The scrutiny by this committee with its prescribed formalities and formats is causing a lot of delay in clearing new schemes. Consequently, completion of these schemes will be delayed and the State may have to face power cuts also.

It is, therefore, suggested that the Government of India may exempt all the hydro-electric projects including transmission lines from the purview of the Forest Conservation Act, 1980 considering the above aspects.

(ix) Prof. Gokak Committee Report on three-language formula for Karnataka.

SHRI T. R. SHAMANNA (Bangalore South): Sir; under Rule 377, I am making the following statement.

The Government of Karnataka appointed a Committee to go into the status of Kannada langauage and other languages spoken by various communities in that State, including Sanskrit, under the Chairmanship of Prof. Gokak, former Vice-Chancellor of Bangalore University, to give its report on the question. The Gokak Committee gave its report in the early part of 1981, stating that Kannada should be only first language under three-language formula from 3rd standard gradually taken up to 8th standard by 1986-87. After 8th standard, one could study the language of his choice. The Committee also specified the names of the languages, out of which the second and the third language is to be selected. Government of Karnataka announced acceptane of this report in January, 1982.

However, this has started an agitation in the State by certain sections of population against compulsory study of Kannada as 1st language. They want that *status quo ante* may be maintained in the matter of language at least at the primary level. hey also plead that Article 350A of the Constitution provides them the freedom to learn through their mother-tongue and the acceptance of the Committee report infringes this right guaranteed by the Constitution.

I, therefore, appeal to the Central Government to find a satisfactory solution of the language problem in Karnataka State without delay.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2 P.M.

2.58 hrs.

*The Lok Sabha adjoured for Lunch till Fourteen of the Clock.*

*The Lok Sabha adjourned for Lunch till fourteen of the Clock.*

---

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

SUGAR CESS BILL AND SUGAR DEVELOPMENT FUND BILL—*Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, Legislative Business. The House will take up further consideration of the following Motion moved by Rao Biren-

dra Singh on the 19th February, 1982, namely:—

"That the Bill to provide for the imposition of a cess on sugar for the development of sugar industry and for matters connected therewith, be taken into consideration."

And also further consideration of the following motion moved by Rao Birendra Singh on the 19th February, 1982, namely:—

"That the Bill to provide for the financing of activities for development of sugar industry and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

Items 9 and 10 will be discussed together. Shri Sudhir Giri was on his legs. He has taken 13 minutes. I request him to take another 2 minutes and complete his speech. We have got to conclude this Bill. We have got 1 hour and 38 minutes. We have to go to the next Bill also. I think Mr. Giri, you have exhaustively dealt with the points, you have made valuable points; please be brief.

SHRI G. M. BANATWALLA (Ponnani): By this time they might have forgotten what he has said!

SHRI SUDHIR GIRI (Contai): Sir, these two Bills, the Sugar Cess Bill and the Sugar Development Fund Bill have been brought forward with certain aims. I will first take the Sugar Cess Bill. It imposes a cess to the extent of Rs. 10 per quintal of sugar.

Imposition of this cess would definitely increase the price; and this has also been admitted by the Minister in the Bill itself. We are opposing this very move of price increase. We are opposing it with all the force at our command. The imposition of this cess thereby leading to price increase brings out in a clear-cut way, the attitude of the Government towards the consuming public especially those who live below the poverty line. It also brings out in sharp focus the Government's attitude towards the sugar tycoons. Very often we find a paradox in what the Government is saying and what it is doing. The other day our Prime Minister went to Calcutta. She said in the meeting at Calcutta that she and her party were promise bound to deliver the goods of socialism to the people. Now, is this price increase move on the part of the Government a measure, a step forward towards the achievement of socialism? I put this simple question to the hon. Minister. Sir, in the Statement of Objects and Reasons of the Bill, the hon. Minister has pointed out that the Government is aiming at the development of the sugar industry. Yes, we also agree with the hon. Minister and the Government that the development of the sugar industry is a must. But it should not be for the sake of sugar tycoons. It should be for the sake of the consuming masses, for the workers in the sugar mills and the sugarcane growers. If you really want to look after the interests of the sugarcane growers and the workers in the industry, you will have to nationalise the sugar industry as a whole. Otherwise, the sugarcane growers would not get the remunerative price for their produce. Not only that. The sugar mill owners have not paid them their dues. They are in arrears. These arrears have been accumulated for months together. If you want to be sincere in doing justice to the sugarcane growers, then the Government have to nationalise the industry. By doing so, there will be job security for the workers and the sugarcane growers will also get proper remuneration for their produce.

As regards the consumers, we have been finding that in the past few years, the price of sugar has been increasing steadily year after year and the consuming masses are suffering on account of this. On the contrary. We find that sugar tycoons are getting huge profits and they do not plough back their profits in the sugar industry. On the other hand, they are investing their money earned out of profit from sugar industry in other industries. Now, the Government has come forward to help these sick industries. But the real beneficiaries are the sugar tycoons. If you actually

[Shri Sudhir Giri]

want to develop the sugar industry, you have to nationalise it. The reason for the justification of my claim that the sugar industry should be nationalised is that the number of sick industries in India has been increasing year after year. In 1979, the number of such sick industries as was recorded was 22,366. In 1980 it rose to 24,550.

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND RURAL DEVELOPMENT AND CIVIL SUPPLIES (RAO BIRENDRA SNGH): You talk about sugar mills only.

SHRI SUDHIR GIRI: You are going to help the silk industries. So, I am quoting these figures.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You are talking of all industries.

SHRI SUDHIR GIRI: Yes. Sir. In 1979, the amount lent by the financial institutions to the sick industries was Rs. 1,622 crores and in 1980, Rs. 1800 crores.

I am discussing the Industrial policy of the Government as a whole and the sugar policy is also a constituent part of the industrial policy. So. I have brought these figures.

In conclusion, I would like to say that the nationalisation of the sugar industry needs a determined political will on the part of the Government. I doubt whether the Government has such a determined political will, because these sugar barons in the States have been playing an important role in the State politics and it is because of that the Government is not coming forward to tackle the situation; rather they are helping the sugar tycoons and sugar barons in the country. I, therefore, urge upon the Government that if they are really sincere in the development of sugar industry, they must nationalise it.

PROF. N. G. RANGA (Guntur): Mr. Deputy-Speaker. Sir, my hon. friend from the Communist Party wants every industry to be nationalised.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Communist Party (Marxist).

PROF. N. G. RANGA: All communists—all of them.

In England there is a Labour Party. That is also supposed to be a nationalist party. They have also been talking of nationalisation of all industries from the time of H. G. Wells' Book, 'New Worlds for Old,' but in actual practice they found it necessary to keep some of the industries non-nationalised also, and go on with their industrial activities. Therefore, it is no good now talking about the sugar industry and sugar barons. Everybody now talks of sugar barons. Who prevented the Janata Party from nationalising the sugar industry. At that time the Communist Party was also supporting the Janta Party.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI (Patna): CPI was not supporting.

PROF. N. G. RANGA: CPI(M) did it overground. and the other did it underground.

Let us be practical minded Today we have three sets of industries; co-operative mills, private enterprises, and the mills which have been taken over by the Government. We have got to see that all these three groups of mills are managed properly. And, therefore, I would like my hon. friend, the Minister in-charge of this Bill to devise some way by which he would be monitoring as to how these mills are being managed, and it is in the interest of the country that these should not be mismanaged. whether they are under the direct supervision of the Government, or under the control of the cooperatives, or private enterprises, because we are interested in the welfare of kisans. Unless the mills are managed properly, the sucrose content would not be high enough and the price that can be paid to the agriculturists also cannot be raised. It is in the interest of the farmers themselves, and I want this monitoring to be carried out. Of coures, as a general policy also for industries as a whole, it is the duty of the Government and I have

mentioned it again and again on the floor of the House that the Company Law Administraton should take necessary powers in order to see that these industrial concerns do not go sick. These people go on making plenty of money whenever they can make it and we do not know what they do with all the profits. Either, they do not go to the depreciation fund and with that money they can renovate themselves whenever they go out-of-date. Or, they do not distribute them among the shareholders and they spend the money on their stays in the Five Star or the Seven-Star hotels. It is, therefore, in the interest of the country as a whole and the development of our industries, as a whole, that the Government should have some control over the way in which these private enterprise mills are managed.

Having said this, I would like to come down to this Bill, I welcome this Bill and I am glad that the hon. Minister has come forward with these two Bills. But I would like the hon. Minister to give some thought to what the various State Governments have been doing with the earlier cess that they have been collecting.

In those days, in some States—in U.P. especially; I do not know the latest position—whatever was collected in this way was being used for general purposes I had to protest against it at that time. I would like the hon. Miniser to see that the earlier excise duty that they were collecting and earmarking for this purpose and the latest one also, should be properly utilised—only for the sake of the sugar industry as such.

What do we mean by sugar industry? Not merely these mills; but the kisans and workers also behind them. So, the workers' welfare must be the first priority there; then the rural communications; then rural employment—the new scheme that we are having; health conditions; improvement of the industry as such; what is called the development and utilization of by-products of sugar extracts e.g., molasses; manufacture of spirits and various other chemical products—all these things have got to be developed. These funds will have to be utilised in this direction.

Having collected these funds, what use are these moneys to be put to? It is stated here that these out-moded mills will have to be renovated and rehabilitated. Sick mills will also have to be helped. This is so far as the mills are concerned. But there are kisans also. They also need help, especially when they have to purchase inputs—fertilizers etc. There are two ways by which they can get money: one from the cooperatives directly; and two, you should explore the possibilities for what steps should be taken by Government to see that mills are enabled, directed and advised to advance money to kisans to purchase fertilisers.

The mills themselves can purchase fertlizers, pass them on—on loan, on credit—with or without interest—certainly at concessional rates of interest. Or they should enable kisans themselves to take money from these people as advance and then purchase fertilizers. Today, instead of the mills advancing any money to the kisans. the poor kisans are obliged to hand over their cane to the mills, and go on waiting for months, for payment of cane price. Instead of that, I would like it to be turned in favour of the kisans. Let the government, by necessary rule-making powers, see that the mills advance a portion of the funds that would be advanced to them through these funds to the kisans for the purchase of fertilizers and other inputs.

Thirdly, I want Government to take some steps early enough to constitute a Gur—or what you call jaggery—Development Board. Why do kisans resort to jaggery manufacture, when there are mills? It is because mills are not there in all the areas;

[Prof. N. G. Ranga]

and the crushing capacity of the mills is not sufficient, when you compare it with the total sugar cane production. It is not very much more than half the sugar cane produced. The rest of it is being used for gur production. That also should be considered as deserving of as much support and protection from the State as the cane that is being supplied to the mills.

I hope my hon. friend will come forward very soon with a Bill to establish a Gur Development and Protection Board and see that the cane producers who resort to gur production are also properly protected, by fixing a minimum price for the gur, and also facilitating the export of gur to other countries—and in other ways developing the scientific side of production of gur and of preservation of gur.

That is an aspect which has been neglected till now. I hope my hon. friend, the Minister in charge of it, will seek the cooperation of scientists to see that the preservation of gur over a number of years—over at least two years—is further developed.

My last point is this I am glad that this Bill is framed in such a way that plenty of leeway or elbow roon is given to Government to frame rules; and in that way, go on providing for various other aspects of sugar industry as a whole to facilitate the proper use, the fullest possible use of the funds that would be collected in their manner.

I welcome this Bill.

**प्रो० अजीत कुमार मेहता** (समस्तीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, इस बिल के उद्देश्य में कहा गया है कि शुगर-सेस से संग्रहीत राशि का उपयोग चीनी उद्योगों को नव-जीवन देने के लिए तथा गन्ना उद्योग के विकास के लिये किया जायगा। सब से पहले तो मुझे इस बात की आशंका है कि जब सेस का रुपया वसूल किया जायगा तो इस से चीनी की कीमत बढ़ जायेगी, इस दृष्टि से मैं इस सेस के लगाये जाने के विरुद्ध हूं, लेकिन साधारणतया मैं इस सेस का स्वागत ही करूंगा, परन्तु हमें यह ध्यान रखना होगा कि इस के कारण चीनी की कीमत में वृद्धि न हो जाय।

जैसा उद्देश्य में कहा गया है कि यह सेस चीनी उद्योगों के नवजीवन के लिये है—मुझे सरकार से यह शिकायत है कि जब उद्योग पर संकट आता है तो यह सरकार और सभी लोग सचेत हो जाते हैं, परन्तु जब गन्ना-उत्पादक किसान पर संकट आता है तो यह सरकार तथा इस के कर्मचारी गांधी जी के बन्दरों की तरह से आंख और कान बन्द कर लेते हैं ........

**श्री जगपाल सिंह** (हरिद्वार) : राव साहब के बन्द नहीं होते हैं, हमें राव साहब से ऐसी उम्मीद नहीं है कि उन के आंख और कान बन्द हो जायेंगे।

**प्रो० अजीत कुमार मेहता** : इस समय उत्तर प्रदेश की अधिकांश चीनी मिलों की हालत यह है कि जो उन की वास्तविक या घोषित क्षमता है उस में कहीं कम उत्पादन हो रहा है। नतीजा यह होता है कि किसानों को अपना गन्ना सल्फर-उद्योगों के हाथ बेचना पड़ता है जो बहुत कम मूल्य में किसानों से गन्ना खरीदते हैं। जब यह "निधि" स्थापित होगी तो मैं समझता हूं कि इस से इस दिशा में भी किसानों को राहत देने का प्रयास किया जायगा।

पिछले दिनों में कृषि यंत्रों, खाद तथा कृषि में इनपुट्स की जो सामग्री है सब की कीमतों में वृद्धि हुई है। यन्त्रों के दाम बढ़े हैं, मजदूरी बढ़ी है, खाद जो कुछ दिन पहले 75 रुपये क्विंटल बिका करता था, आज किसानों को 122 रुपये क्विंटल में मिल रहा है, जिस के कारण किसानों पर बहुत ज्यादा बोझ पड़ रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पिछले दिनों सरकार ने धान और

गेहू की कीमतें बढ़ाई, चीनी की कीमत भी पिछले साल के मुकाबले इस साल बढ़ गई, लेकिन गन्ने की कीमत पिछले साल के मुकाबले इस साल गिरा दी गई है .......

**राव बीरेन्द्र सिंह :** 3 साल पहले से मुकाबला कीजिये ।

**प्रो० अजित कुमार मेहता :** 3 साल पहले और चीजों की कीमतों का भी मुकाबला कीजिये । केवल पैसे की बात नहीं होती है, उस समय अन्य चीजों की कीमतें कम थीं ।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** 3 रुपये थी ।

**प्रो० अजित कुमार मेहता :** 3 साल पहले 3 रुपये थी—क्या बात करते हैं ?

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** (आंवला) : आज भी बदायूं में 10 रुपये क्विटल गन्ना बिक रहा है ।

**प्रो० अजित कुमार मेहता :** यदि आप अपने मन में ऐसा समझ कर उसकी तुलना करते होंगे, तो वह आपकी काल्पनिक तुलना होगी । आप तीन साल पहले की बात करते हैं तीन साल पहले और चीजों की कीमतें क्या थीं ?

आप यह देखें कि बिहार में पिछले साल गन्ने की कीमत 22 रुपये प्रति क्विटल रखी गई थी और इस साल जबकि सभी चीजों की कीमतों में वृद्धि हुई है, गन्ने की कीमत साढ़े 20 रुपये प्रति क्विटल रखी गई है ।

यहां पर मैं विदेशों से आयात की गई चीनी के बारे में भी दो शब्द कहूंगा । कहा यह गया था कि चीनी की कीमतों में जो अत्यधिक वृद्धि हुई है, उसको घटाने के लिये और चीनी का भंडारण करने के लिए विदेशों से चीनी को आयात किया गया । आंकड़ों के अनुसार पिछले साल 52 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था और इस साल 70 लाख टन चीनी का उत्पादन होने का अनुमान है और छठी पंचवर्षीय योजना के आधार पर यह कहा जा सकता है कि इस साल चीनी की खपत 57 लाख टन होगी । मैं देखता हूं कि इस आकलन के अनुसार 13 लाख टन चीनी भंडार में बची रहेगी । फिर भंडारण के नाम पर विदेशी चीनी मंगाने का औचित्य कहां रह जाता है । यह कहा जाता है कि 10 रुपये प्रति किलो के हिसाब से चीनी का भाव घट कर साढ़े 4 रुपये प्रति किलो आ गया है हालांकि साढ़े 4 रुपये प्रति किलो चीनी बाजार में उपलब्ध नहीं है । मैं ऐसा समझता हूं कि निश्चय ही परिश्रम से कमाई गई विदेशी मुद्रा का इससे बेहतर उपयोग होना चाहिए था ।

महोदय, चीनी उद्योग तभी पनपेगा जब गन्ना उत्पादक किसान खुशहाल होंगे । आज किसानों की हालत यह है कि बिहार में किसानों का गन्ना अगर इस साल लिया जाता है, तो उसकी कीमत अगले साल दी जाती है और बिहार के किसी-किसी मिल में तो 6–6 और 7–7 सालों के बाद, बड़ी जद्दोजहद और उग्र संघर्ष के बाद कीमत अदा की गई ।

**श्री जमीलुर्रहमान** (किशनगंज) : आप ने अपने तीन सालों में दाम क्यों नहीं अदा कर दिये थे ?

شری جمیل الرحمن (کشنگنج)-
آپ نے اپنے تین سالوں میں دام
کیوں نہیں ادا کر دیئے تھے-

**प्रो० अजित कुमार मेहता :** अगर मान लीजिये, हम नहीं कर पाए, तो क्या आप भी अदा नहीं करेंगे । **(व्यवधान)** उन तीन सालों में पिछले 30 साल में आपके किये हुए कुकर्म कैसे मिट जायेंगे । **(व्यवधान)** . . .

मैं कह रहा था कि किसानों के गन्ने का मूल्य ठीक समय पर चुकता कराने में किसी की अभिरुचि नहीं है । पिछले वर्ष का सिवान

[प्रो० अजित कुमार मेहता]

के पचरुखी मिल पर 22 लाख रुपया और मुजफ्फरपुर के मोतीपुर मिल पर 90 लाख रुपया किसानों का अभी तक बकाया है। चीनी उद्योग को नवजीवन देने और गन्ना उद्योग के विकास के लिये धन संग्रहीत करने की बात कही जाती है लेकिन चालू वर्ष में 65 से 70 लाख टन चीनी का उत्पादन होने की उम्मीद है और अभी जो आपने विधेयक प्रस्तुत किया है, उसके अनुसार 5 रुपये शुगर सेस प्रति क्विटल वसूल करने की बात है। तो उस हिसाब से 32 करोड़ 50 लाख से 35 करोड़ रुपया होने की उम्मीद है। मैं आप का ध्यान इस बात पर दिलाना चाहता हूं कि रबड़ और गन्ने पर भी पहले उपकर वसूल किया जाता था लेकिन उसका कितना भाग उन उद्योगों पर खर्च हुआ। मुझे डर है कि इस लेवी की भी वही हालत न हो जाए जैसी कि रबड़ और गन्ने पर वसूल की गयी लेवी की होती रही है। इस समय तो आप विश्वास दिला देते हैं, उस समय भी आपने यही विश्वास दिलाया था लेकिन फिर भी उस का कितना उपयोग उस काम के लिए हो पाया, यह सब जानते हैं। अब अगर आप फिर विश्वास दिलाते हैं तो बहुत अच्छी बात है।

केवल विधेयक पास करा देने से ही उद्देश्य की सिद्धि नहीं हो जाती है 1981 में बिहार में एक विधेयक पारित हुआ था बिहार ऊख (आपूर्ति एवं खरीद का विनिमय) विधेयक उसके अनुसार किसानों को उनकी उपज का मूल्य यदि नहीं चुकाया गया तो साढ़े सात प्रतिशत की दर से ब्याज किसानों को देय होगा। उस विधेयक में यह भी था कि खरीद केन्द्र पर पशुचालित गाड़ी को 6 घंटे से अधिक विलम्ब होने पर किसानों को 25 पैसा प्रति घंटा हरजाना देय होगा। मगर व्यवहार में किसानों को एक धेला भी नहीं मिलता। आज तक किसी किसान को कोई ब्याज या हरजाना नहीं मिल पाया है।

इसलिए मेरा कहना यह है कि केवल विधेयक पास करा देने मात्र से उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो जायेगी। जो आप यहां अश्योर कर रहे हैं, जब तक उसे आप कार्यान्वित नहीं करते तब तक कोई फल नहीं निकलेगा। इसलिये इसके कार्यान्वियन की दिशा में कदम उठाना उतना ही जरूरी है।

बिहार में लाभकर मूल्य के लिये किसानों में बहुत असंतोष है। रीगा मिल में तो किसानों की जायज मांगों का जवाब गोली से मिला जिसका नतीजा यह हुआ कि दो निर्दोष जानें चली गईं। बिहार विधान सभा के सदस्य प्रो० रघुवंश नारायण सिंह के साथ 146 किसान गिरफ्तार हुये। आज भी वे 146 किसानों के साथ जेल में हैं। वहां की विधान सभा के उपाध्यक्ष श्री गजेन्द्र प्रसाद हिमांशु ने भी उनकी मांगों का समर्थन किया है। उनके साथ सहमति तो बिहार के मुख्य मंत्री ने भी व्यक्त की है किन्तु इसके साथ ही उन्होंने अपनी असमर्थता भी बता दी है कि उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री की इच्छा के विपरीत प्रधान मंत्री गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाना चाहती है। इसलिये सभी गन्ना उत्पादक राज्यों के मुख्य मंत्रियों का एक सम्मेलन बुला कर गन्ने का मूल्य बढ़ाने के बारे में निर्णय किया जायेगा।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : इसमें सच्चाई नहीं है।

**प्रो0 अजित कुमार मेहता** : अगर उनके वक्तव्य में सच्चाई नहीं है तो जल्दी से जल्दी आप सम्मेलन बुला कर किसानों के हित में जो कुछ हो सकता है, वह करें जिससे गन्ना उत्पादकों को राहत मिले।

इन शब्दों के साथ मैं अपने संशोधन को पेश करता हूं और विधेयक का आंशिक समर्थन करते हुए कहता हूं कि कहीं ऐसा न हो कि

इस से चीनी के मूल्य में वृद्धि हो जाये। बाकी चीजों का मैं समर्थन करता हूं।

**श्रीमती कृष्णा शाही** (बेगुसराय) : उपाध्यक्ष महोदय, जो दो विधेयक शुगर सेस बिल और शुगर डेवलपमेंट फंड बिल हमारे सामने पेश है उनका मैं समर्थन तो कर रही हूं लेकिन हमारे कृषि मंत्री महोदय के सर पर जो पगड़ी हुआ करती थी, वह आज नहीं है। तब पगड़ी उन्हें कैसे मिलेगी ?

**राव बीरेन्द्र सिंह** : पगड़ी तो बहुत सम्भाल कर रखनी पड़ती है।

**श्रीमती कृष्णा शाही** : बहरहाल उपाध्यक्ष महोदय, चीनी उद्योग हमारे देश में एक बहुत ही प्रमुख उद्योग है और हमारे सिक्स्थ फाइव इयर प्लान में इस पर बहुत ध्यान दिया गया है—

"In the objectives and strategy of the Sixth five year plan, it is said:

'Improvement in capacity utilisation must be regarded as a pre-condition for the success of the sixth plan' "

कहने का तात्पर्य यह है कि हमारी आर्थिक प्रगति की रीढ़ इसके ऊपर बरकरार है। उपाध्यक्ष महोदय, चीनी उद्योग का विस्तार बिहार और उत्तर प्रदेश में काफी अधिक है। अगर यह कहा जाये कि उत्तर प्रदेश और बिहार चीनी उद्योग की जननी हैं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सेन शुगर कमीशन ने सिफारिश की थी उनका प्रतिवेदन है कि इन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाये जहां गन्ने का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है।

आज किसानों को गन्ना उत्पादन के लिये पूरी सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं। वर्षा के बाद जो पानी जमा हो जाता है, उसकी निकासी और सिंचाई के लिये की पूरी व्यवस्था नहीं है। इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी है। 1930 में अकेले उत्तर प्रदेश में 30.73 प्रतिशत चीनी का उत्पादन होता था और बिहार में 40 प्रतिशत। दोनों मिला कर देश का 70 प्रतिशत चीनी उत्पादन इन क्षेत्रों में होता था। अंडर यूटिलाइज्ड क्षमता सारे देश में यदि 6 लाख टन प्रति वर्ष है तो बिहार और उत्तर प्रदेश में सारे देश का 50 प्रतिशत है।

जहां तक मेरी जानकारी है, पूरे देश में 113 या 115 चीनी मिलें ऐसी हैं जो अपनी क्षमता से नीचे उत्पादन कर रही हैं। सारे देश में 1969-70 से 1979-80 मिलों की संख्या बढ़ कर 215 से 303 हो गई है, लेकिन क्रेसिंग 2.12 लाख टन से घट कर 1.33 लाख टन पर यूनिट हो गया। यह बहुत चिन्ता का विषय है। अगर उत्पादन क्षमता कम हो जाती है तो इससे हमारा आर्थिक ह्रास होता है।

गत वर्ष 65 पैसे प्रति किलोग्राम मूल्य वृद्धि की घोषणा से चीनी मिलों को एक अरब 30 करोड़ की अनिश्चित आमदनी होने की बात कही गई। मिल मालिकों को आमदनी तो हो गई, लेकिन किसानों को कोई सुविधाएं नहीं मिलीं। किसान आर्थिक दृष्टि से काफी पिछड़ा रहा और गत वर्ष चीनी का उत्पादन कम हुआ मगर मिल मालिकों को मुनाफा हुआ। चीनी मिल संघ के सूत्रों के अनुसार पिछले साल मिल मालिकों को एक अरब का मुनाफा हुआ, जबकि उत्पादन 38 लाख टन ही हुआ। 1978-79 में 59 लाख टन उत्पादन हुआ जबकि इस अवधि में 95 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ मिल मालिकों को हुआ था। फिर भी किसानों का तकरीबन 84 करोड़ रुपया बाकी रह गया था। हमारी सरकार बनने के बाद कुछ पेमेंट हुये हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ बाकी है। इस ओर मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट

[श्रीमती कृष्णा शाही]

करना चाहती हूं, लेकिन विपक्ष से जो बातें कही गई हैं वे बातें सही नहीं हैं। आज वे किसानों के मसीहा बनते हैं, वे भूल गये हैं कि खेतों में किसानों का गन्ना जला दिया गया था। आलू को कोल्ड स्टोरेज में सड़ा दिया गया था। उस समय आप का ज्ञान-चक्षु नहीं खुला था और अब मंत्री महोदय मिलों के आधुनिकीकरण का बिल लाए हैं तो इस तरह की बातें की जा रही हैं।

मिलों का आधुनिकीकरण होगा, एक्सपेंशन होगा रीहैबिलिटेशन होगा तो गन्ने के उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी। अगर उत्पादन में वृद्धि नहीं होगी तो किसान की आर्थिक स्थिति कैसे सुधरेगी? यह बहुत ही अच्छा और महत्वपूर्ण बिल है जो किसानों के लाभ के लिये लाया गया है। मेरा ह अनुरोध होगा कि चीनी उद्योग स्टैगनेंट न हो, इसको आप देखें। आपकी मशीनरी कैसे काम करती है इस पर भी आप नजर रखें। सरकार की मंशा बहुत अच्छी है। किसान को वह आर्थिक लाभ पहुंचाना चाहती है। मिलों का आधुनिकीकरण हो, यह वह चाहती है। लेकिन यह होगा कैसे? पिछली बार भी कुछ सैस लिये गये थे। कुछ मुनाफा हुआ था। लेकिन उस मुनाफे से मिलों का आधुनिकीकरण नहीं हो सका। जब हम लोग उत्तर बिहार में जाते हैं तो देखते हैं कि मिलें काली-काली खाली पड़ी हुई हैं। चारों तरफ से मिलों पर ताले लगे हुये हैं। खण्डहर की शक्ल दिखाई देती है। मिलों में उत्पादन नहीं हो रहा है। इस बिल का हम समर्थन तो करते हैं लेकिन यह चाहते हैं कि जो बड़ी राशि इकट्ठी हो उससे मिलों का उद्धार होना चाहिये और किसानों को शत प्रतिशत नहीं तो अधिकांश में हमारे किसानों को ही लाभ मिलना चाहिये। हमारे मंत्री महोदय किसान हैं। किसानों के प्रति उनके दिल में दर्द है। किसानों की मदद हो, उनको आर्थिक लाभ मिले, इसके लिये वह हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे, यह अपेक्षा हम उनसे करते हैं।

*SHRI S. MURUGIAN (Tiruppattur): Hon. Mr. Deputy Speaker, Sir, on behalf of D.M.K. I rise to place before the House a few suggestions of mine on the two Bills which have been introduced by the Minister of Agriculture. The Sugar Cess Bill and the Sugar Development Fund Bill are so inter-dependent that it is beyond my comprehension why there should be two separate bills. These two legislative proposals could have been incorporated in one Bill.

This Sugar Cess Bill empowers the Government to levy Rs. 10 as cess per quintal of sugar. But the hon. Minister is for the present proposing to levy only Rs. 5 per quintal. There is no doubt that the price of sugar will rise by 10 paise per KG. Instead of fleecing the common people to whom sugar is an essential commodity, the hon. Minister could have taken recourse to levy a cess or duty of Rs. 200 per tonne of molasses. The consumers of molasses are affluent people and they could bear this burden of extra duty, because presently they are paying only Rs. 60 per tonne of molasses—for 1000 Kgs. only Rs. 60. They manufacture alcohal, which is sold at fancy prices. I wonder how this has escaped the attention of the Minister. He could have collected more money through this levy of Rs. 200 per tonne of molasses instead of making the common people to pay 10 paise more per KG of sugar.

By levying Rs. 5 per quintal, the hon. Minister hopes to collect a sum of Rs. 35 crores in a year. If he decides to collect Rs. 10 per quintal then the collection would be even more than Rs. 70 crores, if not Rs. 100 crores. But

*The original speech was delivered in Tamil.

the potential field for collecting even more than Rs. 100 crores is the levy of Rs. 200/- per tonne on molasses. That would not pinch the molasses-users also. The sugar price will also not go up by 10 paise per KG. I request the hon. Min'ster of Agriculture to take appropriate action in this matter.

The machinery in the sugar mills is more than 25 years old and the plants have all gone beyond the normal span of life. That is why sugar production has declied. If they are modernised, then the sugar production will go up, which will automatically bring down the price of sugar. The private sugar mill owners and also the owners of cooperative sugar factories are amassing enormous profits. It will not be difficult for them to modernise the machinery with their own resources and without such external assistance After all, if they modernise, they will be able to produce more sugar. The Government of India must order them to modernise the plant and machinery within a stipulated period within the resources available in the hands of millowners. The condition that if they do not modern'se within this period their licences would also rescinded will have the required effect on them.

If this is done, then this money could be distributed among the sugarcane growers, who are in distress on many occasions either due to natural causes or due to non-payment of dues by the sugarmill owners. There are many sugarcane breeding stations in the country which are being good work. But, unfortunately the results of research do not reach the sugarcane growers. If this is ensured, then the sugarcane growers will see to it that the yield per hectare is increased. The total production of sugar will go up and consequently the production of sugar will also be enhanced.

Now in 1977-78 the sugarcane production per hectare was 5712 KGs, which in three years, i.e. in 1980-81, went up to 5811 KGs. You will agree with me that this is an insignificant increase when so much research is being done. Then, if you see the total production of sugarcane you will be wondering whether the statistics of the Government are correct. While in 1977-78 the total production of sugarcane was 17.96 million tonnes, in 1980-81 the total production of sugarcane was just 15.40 million tonnes. What is the reason for this? When the production per hectare has gone up, naturally the production of sugarcane in a year should also go up. Instead, it has declined. This also proves another factor. There is need for financially assisting the sugarcane growers, as they seem to be handicapped for funds.

In Tamil Nadu the sugarcane growers get only Rs. 157 per tonne. Some two months ago, we met the hon. Minister and represented to him the injustice being perpetrated on the sugarcane growers of Tamil Nadu. We demanded that the price being given to sugarcane growers in North should be paid to their counterparts in the South. Though we understand that the Minister has passed the orders which have been communicated to those in position in South, yet the growers there are getting only Rs. 170 or at the most Rs. 180 per tonne. Sir, you will agree with me that it is our genu'ne demand that the sugarcane growers in Tamil Nadu should get Rs. 240/- per tonne which is being paid to the farmers in the North. The hon. Minister of Agriculture, who is himself an agriculturist, should ensure that justice is done to the sugarcane growers in the South.

[Shri S. Murugian]

I would suggest that the Khandsari mills should be exempted from this levy, since they are all in the small scale sector. They should also be given financial assistance for modernisation. I understand that a Committee at the national level is being constituted to disburse the money to sugarmills and to sugarcane growers. If there is only a Central Committee, then I am afraid that all the money might be given to one or two States in a particular region. I suggest that there should be four regional committees so that the funds are disbursed impartially to all the four regions. On such Committees, there should be representatives of sugarmill owners, sugarcane growers and also the workers. Then only the funds would be distributed to deserving cases. Before I conclude, I would reiterate that the sugarcane growers in Tamil Nadu should get better price for their produce.

**श्री बाला साहिब विखे पाटिल** (कोपरगांव) : उपाध्यक्ष महोदय, इस बिल का मैं समथन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। वैसे तो यह बहुत छोटा बिल है लेकिन इंडस्ट्री के लिये बड़ा महत्वपूर्ण है। अभी यह तो आर्गेनाइज्ड इंडस्ट्री है, लेकिन अभी माननीय रंगा जी ने जो कहा वह सही है कि गुड़ के बारे में सरकार को सोचना चाहिये। अभी गुड़ के लिये जो गन्ना खरीदा जाता है उसका दाम 10 रु० क्विंटल है। इसलिये गुड़ खरीदना और उसका ऐक्सपोर्ट करना यह मैं जरूरी मानता हूं। . . .चीनी की रुग्ण मिल की मदद के लिये आप की सरकार ने 26 रुपये प्रति क्विंटल दे रही है। ऐसी 6 मिलें हैं। मेरा सुझाव यह है कि जिनको 26 रुपये प्रति क्विंटल सरकार ने दिया है, उसका हिसाब लगाकर, अगर उनसे कुछ पैसा बचता है तो वह माडर्नाइजेशन और रिहैब्लीटेशन के लिये खर्च करना जरूरी है।

मुझे याद पड़ता है कि जिन मिलों को घाटा भी नहीं है, उनको भी पुरानी मिल होने के कारण, उसकी कैपेसिटी साढ़े 12 सौ टन के नीचे होने के कारण, घाटा न होते हुये भी 26 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ मिल रहा है। मेरा सुझाव यह है कि जो 6 मिलें हैं, जिनका उत्पादन हर साल, गये 3 साल में बराबर 1 लाख टन से ज्यादा हो, उसको इसका फायदा नहीं होना चाहिये क्योंकि जो बड़ी मिलें हैं, वह लाख डेढ़ लाख, 2 लाख टन का क्रशिंग पूरा बनाते हैं, उनको फायदा देने से इससे कोई फायदा नहीं है।

सरकार ने सिक मिलों की जो डैफीनीशन लोक-सभा में एक उत्तर में दी है, मैं उसमें थोड़ा सा सुधार चाहता हूं। अगर कोई पूअर मैनेजमेंट है, इन-एडीक्वेट फंड्ज भी हैं, लेबर ट्रबल भी है, लेकिन मिसयूज आफ फंड्ज जिन्होंने किया है, उनको भी इसमें नहीं रखना चाहिये। क्योंकि पूअर-मैनेजमेंट का मायना मिस मैनेजमेंट और मिसयूज आफ फंड्ज भी होता है। उनको यहां से निकाल देना चाहिये। क्योंकि जिन्होंने एप्रोप्रियेशन करके रुपया दूसरे कपड़ा मिलों में लगाया है, इस बात को नजर में रखते हुये इन मिलों को यह फायदा जाना मेरे ख्याल से बिल्कुल ठीक नहीं होगा।

अब हिन्दुस्तान की 325 चीनी मिलों में 42 मिलें पब्लिक सैक्टर में हैं और 158 कोआपरेटिव सैक्टर में हैं और 128 प्राइवेट सैक्टर में हैं। यह जो अभी 26 रुपये क्विंटल का नफा मिल रहा है, वह दो को-आपरेटिव को

छोड़कर बाकी प्राइवेट और पब्लिक सैक्टर को मिल रहा है। मेरा सुझाव यह है कि जब इस पैसे का बंटवारा हो, तो पब्लिक सैक्टर को प्रधानता, प्राथमिकता देना जरूरी है और सरकार ने जो मिल टेक ओवर किये हैं उनको सहायता देने के अलावा जो बचे, वह किसानों की को-आपरेटिव चीनी मिल बना दें। क्योंकि जो चीनी मिलें ठीक ढंग से चली नहीं होंगी, उनको घाटा होगा और उनको यह देने से फायदा होगा।

आप जो रूल्स बनाएंगे, उनमें काफी सुधार होगा, लेकिन चीनी मिलों की मशीनरी के संशोधन के लिये पैसा देना जरूरी है ताकि उसमें संशोधन हो। वाटर पौल्यूशन देहात में बहुत भारी खड़ा है। इसके बाई प्रोडक्ट्स बनते हैं, बगास से पेपर बनता है, मोलासेस निकलता है। इसलिये वाटर पौल्यूशन को दूर करने के लिये पैसा देना चाहिये।

अभी तक जो बातें कही गई हैं कि चीनी के दाम बहुत बढ़े जब 39 लाख टन चीनी पैदा हुई थी। इसका शुगर इंडस्ट्री इन्क्वायरी कमीशन ने भी जिक्र किया है कि कम-से-कम 10 साल की चीनी मिलों के लिये गन्ने की पालिसी हो। जब किसान को अच्छा दाम मिलता है, तो गन्ना बोता है जब उसे कम दाम मिलता है तो गन्ने की बोई कम होती है। गन्ने के किसान को क्या दाम मिलेंगे, कैसे मिलेंगे, यह गन्ने की पैदावार पर होता है। गन्ने के दाम ज्यादा देने के कारण कोई मिल सिक हो जाये तो उसकी मदद करना जरूरी है लेकिन गन्ने के दाम देने के बिना चीनी मिल सिक हो जाती है तो उसका कारण देखना जरूरी है। इतना ही नहीं, केन डैवलपमेंट के लिये, ट्यूबवैल के लिये, ओपन वैल के लिये, दूसरे सिंचाई के साधन के लिये मार्केटिंग लिंक रोज गन्ना ले जाने के लिये हैल्प होनी चाहिये। जैसे महाराष्ट्र में को-आपरेटिव चीजी मिल चल रही है, एवरेज देखने में आया है कि जितना गन्ना पैदा होता है, अभी देश के अन्दर उसका 35 प्रतिशत खाली गन्ना चीनी के लिये आता है, बाकी गुड़ के लिये जाता है। महाराष्ट्र में 80 प्रतिशत से ज्यादा गन्ना चीनी के लिये आता है क्योंकि किसान को वहां को-आपरेटिव से दाम भी अच्छा मिलता है। वहां सोशल वैलफयर एक्टीविटीज भी होती हैं, हस्पताल बनते हैं, कालेज, स्कूल चलते हैं, बाई प्रोडक्ट, डिस्टलरी, वगैरा पेपर भी बनता है। मेरे ख्याल में उसमें कोई खास बात नहीं है। इस बिल के उद्देश्यों में जिक्र किया गया है कि कई फैक्टरियां 25 साल पहले स्थापित की गई थीं। मैं समझता हूं कि इसमें संशोधन करना जरूरी है। देश में और दुनियां में शुगर इंडस्ट्री में नई टैक्नालौजी आ रही है। जो फैक्टरियां नई टैक्नालौजी को अपनाना चाहें, उन्हें भी सहायता देनी चाहिए। इस बिल के उद्देश्यों में 1250 टन की क्रशिंग कैपेसिटी से नीचे वाली फैक्टरियों का जिक्र किया गया है। मैं इसमें भी थोड़ा संशोधन करना जरूरी समझता हूं। को-आपरेटिव चीनी मिलों को आर्थिक हानि हो रही है, उसकी तरफ भी ध्यान देने की जरूरत है। कहीं ऐसा न हो जाए कि हम कन्ज्यूमर पर टैक्स लगाएं और उसका पूरा फायदा प्राइवेट सैक्टर उठा ले। पुरानी मिलें ज्यादातर उत्तरी हिन्दुस्तान में मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तर प्रदेश में हैं और कुछ आंध्र प्रदेश में भी हैं। इस बात का ध्यान रखना जरूरी है।

मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि जिन फैक्टरियों का परफार्मेंस ठीक न हो उनके लिये पैसा देने से पहले उन्हें टेक-ओवर कर लिया जाये और उन्हें कोआपरेटिव सैक्टर में रखा जाये।

[श्री बालासाहिब विखे पाटिल]

चीनी के दाम थोड़े से गिर रहे हैं। पार्लियामेंट में एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने आश्वासन दिया है कि वह अगले साल गन्ने के दाम कम नहीं होने देगी और चीनी के दाम इस तरह से तय करेगी कि किसान को गन्ने के दाम ठीक मिलें। रुग्ण मिलें किसानों को गन्ने का ठीक दाम नहीं दे पाती। लेकिन महाराष्ट्र में को आपरेटिव चीनी मिलें और निजी चीनी मिलें एक ही दाम देती हैं, अलग-अलग नहीं। सारे देश में यही व्यवस्था चलनी चाहिये।

इस फंड में हर साल 35 करोड़ रुपया आयेगा। यह पग उठाने के लिये मैं कृषि मंत्री को बधाई देता हूं। अगर दूसरी इंडस्ट्रीज भी इस प्रिन्सिपल को फालो करें, तो अच्छा होगा। देश की जनता और सरकार पर बोझ बढ़ाने के बजाए इंडस्ट्री को खुद ही ठीक तरह से जलाने की व्यवस्था करनी चाहिये। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि एग्रो-बेस्ड इंडस्ट्रीज को बढ़ाना चाहिये।

कई चीनी मिलें, खास तौर से कोआपरेटिव चीनी मिलें, 20-पायंट प्रोग्राम के अन्तर्गत सोशल वैलफेयर का काम कर रही हैं। कृषि मंत्री ने कानपुर में बयान दिया था कि वह निजी मिलों की सोशल एकाउंटेबिलिटी को देखने के बाद उन्हें एक्सपेंशन की इजाजत देंगे। इस फंड में से पैसा देते वक्त इस बात का ध्यान रखना भी जरुरी है।

कुछ शूगर मैगनेट्स चाहे कुछ भी क्रिटिसिज्म करें, लेकिन मैं चाहता हूं कि जो चीनी मिलें किसानों को सही दाम देती हैं और किसानों के हितों का ध्यान रखती हैं तथा जो चीनी मिलें किसानों को एक्सप्लाएट करती हैं, उन दोनों को अलग-अलग श्रेणी में रखना चाहिये। ऐसा नहीं है कि सभी चीनी मिलें किसानों के हितों का ख्याल रखती हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि पब्लिक सैक्टर और कोआपरेटिव सैक्टर की चीनी मिलों को इस बारे में प्राथमिकता देनी चाहिये, क्योंकि वे निजी मिलों की अपेक्षा किसानों का ज्यादा ध्यान रखती हैं। जब ज्यादा गन्ना होता है, तो निजी मिलें कम दाम देती हैं और जब गन्ना कम होता है, तो दूसरों के साथ कम्पीटीशन करके ज्यादा दाम देती हैं और कहती हैं कि उन्हें घाटा हुआ है। अगर केन प्राइसिज में स्टेबिलिटी होगी, तो रुग्ण मिलों का सवाल ही पैदा नहीं होगा।

मैं चाहता हूं कि चीनी मिलों को रिसर्च वाटर पालूशन को रोकने और सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने के लिये भी पैसा दिया जाये। मैंने इस सम्बन्ध में एमेंडमेंट्स भी दी हैं।

So, between free sale and levy sugar, there is a difference of Rs. 560/- per tonne of sugar. So, they are rewarded Rs. 56/- per quintal in the case of free sale sugar. The very policy of free sale sugar is legalizing black market. It is done practically in that manner. Free sale, open market is actually black market. In such a situation, for levy sugar there is an exemption of Rs. 56/- per quintal i.e. Rs. 560/- per tonne.

What is the motivation behind it? I am quoting from the written answer given by the Minister. It says:

> "Concessions are allowed to the factories eligible under the scheme, as otherwise due to hardship caused by the steep rise in the cost of plant and machinery, these factories would not be economically viable, and new factories and substantial expansions would not be implemented, as needed."

So, for expansion and other purposes, a relief of Rs. 56 per quintal is given in excise duty at present. This is the answer given earlier. And Rs. 10/- per quintal extra is proposed to be given now. What I say is that there is urgent need for modernization of the mills, and urgent need for rehabilitation of many mills. But the remedy lies not in raising the cess on sugar, but in nationalizing the sugar industry as a whole, except those in the cooperative sector.

I want to remind the Minister that the Bihar and U.P. Assemblies had uninimously passed Resolutions asking for the nationalization of the sugar mills; and they have gone unheeded. This has proved that the tycoons who own sugar mills are much more powerful than our democratic system and legislatures which had unanimously resolved that the mills should be nationalized. They have proved much more powerful than the biggest two States, where they have adopted the resolutions unanimously. There was no difference between the ruling party and the Opposition.

In such a situation, we know how the valuable *bagasse* is burnt in the furnace in place of coal. Modernization is required, and machinery has to be replaced, so that *bagasse* can become the valuable raw material for the production of fine quality paper. It is not being done. So, the remedy lies in nationalizing the sugar mills, and not in raising the price of sugar. It lies in maintaining parity between the price of cane paid to the grower and the price of sugar charged from the consumers. That parity has to be maintained, and that parity has to be strictly implemented and strictly followed on a scientific basis.

So, it was decided long ago that there should be a ratio between the price of sugar and that of sugarcane. Now none talks about it. The Minister did not even hint that such a ratio should exist. In such a situation I think this Cess Bill should not be supported by this House. I do stand to urge upon the House to reject the Bill.

**16 hrs.**

With regard to development, there cannot be two opinions. But development is lacking, not because of lack of money, but because the profits of those mills had been taken away somewhere else, and turned into unearned money and as money to be spent elsewhere—not for productive purposes, but in most cases for unproductive purposes. It is not a case where for lack of money, modernization is lagging behind. In such a situation, I urge upon the House to oppose this Cess Bill. We had seen the insistence of the Minister, when he sought the special permission of the Speaker, to waive some rules to move this Bill. The Minister sought the waiver of the rules as it was so urgent to move this Bill. Then he moved the Bill and it is being discussed now after more than one week! It shows that it is not so urgent now. The waiver of the rules was sought and got, because at that time it was so important. Again, I say that it is not so urgent. But if the

[Shri Bhogendra Jha]

Minister thinks that it is very necessary, he should accept our amendment that the Bill be circulated for eliciting public opinion, or may be referred to a Joint Select Committee which may go into the entire matter of the development of the mills, replacement of the old machinery or modernisation of machinery and all round development, and to ensure that the minimum acreage of sugarcane yields the maximum of sugar so that we become not only self-reliant, not only we stock sugar, not only do we never have to import but we will also be able to export sugar continuously on a dependable basis. It can become a dependable source for earning foreign exchange. That is possible and it is desirable. There cannot be two opinions about it. That may be done. But I will urge upon the House to see that this Bill is referred to a Select Committee and that it is not passed in hurry here. With these words, I oppose the Cess Bill.

MR. CHAIRMAN: Shri Harish Rawat.

**श्री हरीश रावत** (अलमोड़ा) : अधिष्ठाता जी, माननीय कृषि मंत्री की जो भावना शूगरकेन ग्रोअर्स के प्रति और शूगर इंडस्ट्री के डेवलेपमेंट के लिए है, उस के लिए मैं उन को धन्यवाद देता हूं।

**सभापति महोदय** : आप जरा आगे आकर बोलिए और जोर से बोलिये।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South): He is supporting a bad case. That is why he cannot speak louder.

MR. CHAIRMAN: The case is certainly a good one.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: He is afraid of the Minister.

**श्री हरीश रावत** : आप किसानों के नेता हैं और इस देश की इस बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण इंडस्ट्री की भलाई के लिये जितने अच्छे कदम पिछले दो सालों के अन्दर राव साहब ने उठाये हैं, उस के लिए निःसन्देह शूगर इंडस्ट्री और और हम सब उस के कृतज्ञ हैं।

यह बिल जो मंत्री जी यहां पर लाए हैं, यह उचित तो है लेकिन हमारी जो शूगर इंडस्ट्री है, उस के लिए आज जरूरत इस बात की है कि हम एक पालिसी बनायें शूगर केन डेवलपमेंट से लेकर उस के क्रशिंग तक, उसके मार्केटिंग तक। जब तक ऐसी व्यवस्था नहीं बनायेंगे, मैं समझता हूं कि इस तरीके से पैच वर्क कर के, इस तरीके से एडहाक एरेंजमेंट कर के हम एक अस्थायी हल तो निकाल सकते हैं, कुछ अस्थायी तौर पर राहत दे सकते हैं लेकिन जो स्थायी राहत देने की बात है, जिस के लिए माननीय राव साहब के मन में निश्चित रुप से तड़प होगी, वह पूरी नहीं हो सकती है।

**सभापति महोदय** : 'तड़प' की बात आप को मालूम है।

**श्री हरीश रावत** : निश्चित तौर पर। दिल की बात दिल ही समझ सकता है और उनके और हमारे दिल के बीच में कोई दूरी नहीं है और है भी तो चेयरमैन साहब, दोनों के दिलों को मिलाने में आप की मदद ले लेंगे।

मैं राव साहब से यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस रुग्ण इंडस्ट्री को, इस बीमार इंडस्ट्री को सुधारने के लिए कुछ कठोर कदम उठाने की जरुरत है। हमारे उत्तर प्रदेश के अन्दर अधिकांश चीनी मिलें रुग्ण हैं और उन की मदद के नाम पर आप उनको बहुत ज्यादा पैसा भी देते हैं। कभी वे डरा-धमका कर पैसा लेते हैं कि हम मिलों को बन्द

कर देगें और कभी गन्ना पैदा करने वाला किसान सर पर खड़ा होता है। इस तरह से आप कभी किसानों के दबाव में और कभी उनके दबाव में ऐसी चीनी मिलों की बहुदा मदद कर देते हैं और ऐसी चीनी मिलें भी देश में हैं, जिन को जिस मकसद के लिए पैसा दिया जाता है, वह जिस मकसद के लिए पैसा लेती है, उस में उस पैसे को उपयोग में नहीं लाती है और किसानों को जो कठिनाइयां हैं, किसानों की जो शिकायतें हैं, वे अपनी जगह पर बनी रहती हैं और उनको ठीक समय पर पैसा नहीं दिया जाता है। पार्लियामेंट की जो शिकायत है, वह भी अपनी जगह पर बनी रहती है और माड्रनाइजेशन के नाम पर जो पैसा लिया जाता है, उस पर वह पैसा खर्च नहीं किया जाता है।

यह जो बिल है, इस में जो रिहैबीलीटैशन और डवलपमेंट की बात कही गई है, माड्राइजेशन की बात कही गई है, मैं समझता हूं कि माड्रनाइजेशन के नामपर जो पैसा दिया जाएगा, उसको रिहैबीलीट्रशन के नाम पर वे लोग खर्च कर देंगे। हमारा जो रिहैबिलिट्रेशन का स्कोप है, वह ज्यादा विस्तृत है। माडरेनाइजेशन का एक स्पेसिफिक एम है। माडरेनाइजेशन के लिए कितना पैसा खर्च होगा, रिहैबलिटेशन करने के नाम पर कितना पैसा खर्च होगा और रिसर्च और डवलपमेंट के लिए कितना पैसा खर्च होगा, मैं समझता हूं कि इन अलग अलग मदों के लिए बिल में स्पेसिफाई किया जाना चाहिए।

यह जो बिल नं० 157 का सी० है, उस में आपने शूगर फैक्ट्री का अर्थ बताया है। यह जो बिल नं० 156 का पैरा चार है, इम्पलीकेशन आफ फण्डस् में जो बात कही है :—

"for making loans for facilitating the rehabilitation and modernisation of any sugar factory or any unit thereof or the undertaking of any scheme for development of sugarcane in the area in which any sugar factory is situated."

इन दोनों में आपस में कंट्रोवर्सी है। मैं समझता हूं कि यह जो 156 का पैरा चार है, यह अस्पष्ट है। उसके बहुत सारे अर्थ लगाये जा सकते हैं। इस से इसके स्कोप के डाइवर्ट होने की गुंजाइश हो जाती है। कृपा कर के इसको आप देख लें।

जैसा हमारे और साथियों ने भी कहा कि पार्लियामेंट और देश की अधिकांश पोलिटिकल पार्टीज बराबर इस बात को कहती रही हैं कि शूगर इंडस्ट्रीज का नेशनेलाइजेशन होना चाहिए। हमारी पार्टी भी एक से अधिक बार इस बात को कह चुकी है और मैं समझता हूं कि जिस तरीके से यह इंडस्ट्री बीमार है, जिस तरीके से इस इंडस्ट्री के मालिकान द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है, जिस तरह से सरकार के टेक्स की चोरी की जा रही है, उस में यह समय की मांग है, वक्त की आवश्यकता है कि हम इस इंडस्ट्री का नेशनेलाइजेशन करें, राष्ट्रीकरण करें, इसको पब्लिक सैक्टर में लायें ताकि इसका जो लाभ है वह आम आदमी को मिल सके।

इस समय जितनी आपकी प्राइवेट सैक्टर की इंडस्ट्रीज हैं, उनके मालिकान से चीनी का हिसाब तो आप ले लेते हैं

[श्री हरीश रावत]

लेकिन उनका जो शीरा है, उसकी बिक्री की कोई अकाउटेबिलटी नहीं है, उस पर आपका कोई कंट्रोल नहीं है। मालिकान उसकी बिक्री को इनकम में नहीं दिखाते हैं और उस से हुई इनकम को अन्यत्र खर्च करते हैं। आपको जो बैलेंस शीट दिखाते हैं उसमें वे उसे नहीं दिखाते और यह दिखाते हैं कि चीनी मिल नुकसान में जा रही है। उस पैसे का कोई हिसाब-किताब नहीं रहता है। दूसरी तरफ किसान की कठिनाई बराबर बनी रहती है।

इन चीनी मिलों से पर्यावरण संबंधी समस्यायें भी पैदा होती हैं। जितनी चीनी मिलें नदियों के किनारे पर हैं उनके वैस्ट मेटीरियल के आऊटलेट्स नदियों में हैं। उन पर आपका कोई कंट्रोल नही है वे आपके विभागों से मैनेज कर के इसको करते रहते हैं। इस पर भी आप का स्ट्रिक्ट कंट्रोल होना चाहिए। जगह जगह जो क्रशर लगे हैं वे भी वातावरण को दुषित कर देते हैं। कहां गन्ने को रखेंगे, कैसे गन्ने की पिराई करेंगे, कैसे उसके कचरे को जलायेंगे, उसके विषय में आपको कोई नियम नहीं है। इस तरफ भी आप ध्यान देने की कृपा करें।

उत्तर प्रदेश के अन्दर इस समय जो चीनी मिलें हैं, उन में गन्ना नहीं पिल पा रहा है। गन्ना खड़ा है और आप बराबर आश्वासन दे रहे हैं लेकिन आशंका है कि आखिर तक भी वह गन्ना सारा मिल जाएगा या नहीं। चीनी-मिलों को इस विषय में निश्चित निर्देश जाने चाहिए कि हर महीने इतने गन्ने की वे पिराई करें और ठीक से करें। इस में भी आपका स्ट्रिक्ट कंट्रोल होना चाहिए।

उत्तर प्रदेश एक विशाल प्रांत है। उसकी गन्ना उत्पादन क्षमता बहुत बड़ी है। जितनी उसकी गन्ना उत्पादन की क्षमता है, उसके हिसाब से आप आने वाले पांच सालों के लिए चीनी मिलों के डवलपमेंट के बारे में सोचिए। चाहे ये मिलें कोआप्रेटिव सैक्टर में डबलप कीजिए चाहे पब्लिक सैक्टर में डबलप कीजिए। लाइसेंस दीजिए उत्तर प्रदेश सरकार ने आप से निवेदन किया है, उनको स्वीकार कीजिए और चीनी मिलों की स्थापना कराइये, ताकि उत्तर प्रदेश जो चीनी उत्पादन का बहुत बड़ा क्षेत्र है, उसका उपयोग हो सके। इस से राष्ट्र को भी लाभ होगा। इन शब्दों के साथ मैं आपकी भावना का समर्थन करते हुए इन बिलों का समर्थन करता हूं।

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** (आंवला): माननीय सभापति जी, ये जो बिल पेश किए गए हैं "चीनी उप कर विधेयक" और "चीनी विकास कोश विधेयक" अगर इनके लिए यह कहा जाए कि चीनी कारखाना मालिकों की सुरक्षा के लिए और उनके पोषण के लिए ये विधेयक हैं और उन्हीं के नाम से इन विधेयकों को रखा जाता है तो अच्छा होता।

गन्ना उत्पादक के हित थे जो कुछ आज होना चाहिए, वह न हो कर के चीनी मिल मालिकों और बीमार कारखानों को संरक्षण दिया जा रहा है। कारखाने बीमार क्यों हैं, इसके बारे में अभी रावत जी ने बताया है। किस तरह से चोरी से चीनी दूसरे कारखानों में चली जाती है, किस तरह से किसानों का गन्ना चोरी करते हैं, केन्द्रों पर किस किस तरह से गन्ना तोला जाता है और जो फैक्ट्रियां आपरेटिव आधार पर चल रही हैं या सरकारी प्रशासन में चल रही हैं किस तरह से प्राइवेट गन्ना

गन्ना क्रशरों से मिल कर के आज भी 10–11 रुपये क्विंटल के भाव पर गन्ना बिकवा रहे हैं। बदायूं और बरेली में आज भी क्रशर मालिक 10–11 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना खरीद रहे हैं। आज भी हजारों किसान आन्दोलन कर रहे हैं। श्री मोहन सिंह राठौर जो कि किसान जिला यूनियन के नेता हैं, उनके साथ बहुत से लोग वहां पर सत्याग्रह कर रहे हैं। हाकिम सिंह और बाबू सिंह आज भी सत्याग्रह कर रहे हैं।

**सभापति महोदय** (श्री हरिनाथ मिश्रा): हाकिम होकर भी सत्याग्रह कर रहे हैं ?

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** : जैसे आपकी फर्जी सरकार चल रही है वैसे ही वे भी फर्जी हाकिम हैं।

सभापति महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि आज किसानों को गन्ने में बहुत कम लाभ हो रहा है। 2–3 रुपए तो रवन्ना और चुंगी में चले जाते हैं। डीजल इतना मंहगा हो गया है, जिससे ढुलाई का खर्च भी बढ़ गया है। यह सब मिलाकर अगर 10 रुपए प्रति क्विंटल गन्ना लिया जाता है तो तो किसान को केवल 5 रुपए प्रति क्विंटल मिलता है। यह उसका उत्पादन खर्च भी नहीं है। इस पर भी सरकार कहती है कि हम असहाय हैं, कुछ नहीं कर सकते। हम प्राइवेट क्रशर मालिकों के विरुद्ध कुछ नहीं कर सकते। जब अधिकारियों से कहा गया तो उन्होंने कहा कि हम कुछ नहीं कर सकते। वहां के शेखपुर सहकारी किसान चीनी मिल के जो प्रशासक हैं वे प्राइवेट क्रशर मालिकों से मिले हुए हैं और पूरी कैपैसिटी से क्रशिंग नहीं होता है। चार साल पहले मिल बनी थी, मशीनें पुरानी नहीं हुई हैं, लेकिन हालत यह है कि जितनी मशीनें खरीदी गई थीं, सभी खराब हैं। उनको समय पर ठीक नहीं करवाया गया और किसान का गन्ना क्रशर पर जा रहा है। केन्द्रों पर गन्ने की तोल कम की जाती है। कई बार शिकायत करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

कहा जाता है कि फैक्ट्रियां घाटे में चल रही हैं। घाटे में कैसे चलती हैं। लाखों का घाटा जा रहा है और उसके लिए आपका प्रशासन जिम्मेदार है। फैक्ट्री को उठा कर बन्द कर दिया है और कम कैपेसिटी पर चला रहे हैं। फैक्ट्री का घाटा कैसे होता है। शीरा बेचा जाता है कुछ हजार लीटर और गेट से निकलता है कई लाख लीटर। मिलों के मैनेजमेंट अपने रिश्ते-दारों को सस्ते में दे देते हैं और दूसरों को जो महंगे भाव पर लेना चाहते हैं नहीं देते हैं। अपने ठेकेदारों को अपने घर पर ही बुला कर दे देते हैं और दूसरे जो ज्यादा पैसा आफर करते हैं उनको नहीं देते हैं। आपकी सरकार सुनती नहीं है, आप सुनते नहीं हैं। मैं चाहता हूं कि किसान की पहले आप सुरक्षा की व्यवस्था करें जो बेचारा गन्ना पैदा करता है। आपने तो उसके हाथ में खोई ही दे रखी है। किसान को गन्ने का मूल्य मिलना चाहिए चालीस रुपया प्रति क्विंटल लेकिन आप उतना भी नहीं देते हैं जितना आप दे रहे हैं। उतना तो उसको मिल जाना चाहिये और उतना तो उसको दिलाने की व्यवस्था कर दी जानी चाहिये। क्रय केन्द्रों पर आपके अधिकारी तेरह रुपये क्विंटल के हिसाब से ले लेते हैं और जो नहीं देना चाहता है उनकी चार चार दिन तक लाइन लगवाई जाती है और उनको खड़े रखा जाता है। बैलगाड़ी खुले आकाश में खड़ी रहे, बैल खुले आकाश में खड़े रहें, ओला, बरसात पानी में खड़े रहें, उनका चार-चार दिन तक गन्ना नहीं तोला जाता है। उनको कहा जाता है कि तेरह रुपये में तोलना हो तो तोल दो वर्ना लाइन में खड़े रहो। फर्जी पर्चियां बना कर उनको दे दी जाती हैं और ऊंची कीमत ले ली जाती है। किसान

[श्री जयपाल सिंह कश्यप]

को तेरह रुपये ही देते हैं। किसानों ने जिलाधीश को कहा कि हम पकड़वाते हैं लेकिन जिलाधीश कहते हैं कि हमारे हाथ में कुछ नहीं है। बदायूं, बरेली इत्यादि में जा कर आप देख लें क्या धांधलियां हो रही हैं। आप में साहस नहीं है कि इसकी आप उच्चस्तरीय जांच करवा सकें। वहां के अधिकारियों से ही आप कराते हैं। चोर-चोर मौसेरे भाई वाली यह बात होती है। वे सारी बातों को छिपा कर रख लेते हैं। म मांग करता हूं कि सही मूल्य किसान को दिलाया जाना चाहिये। अगर आप ऐसा नहीं कर सकते हैं तो कारखानों को गन्ना किसान को आप दे देवें और वह चला लेगा। सारी की सारी मिलों का राष्ट्रीयकरण कर दें, इसके सिवाय दूसरा कोई उपाय नहीं है। गन्ने को आज राजनीति में घसीटा जाता है। देश की राजनीति गन्ने के बल पर चलाने की कोशिश की जाती है। माननीय डागा जी ने कहा कि राजनीति का उस तरह से प्रयोग किया जा रहा है। यह ठीक बात है। गन्ना मिल मालिकों को डराया जाएगा, उनसे पैसा वसूल किया जाएगा तो किसानों को कोई राहत मिलने वाली नहीं है।

आप फंड बना रहे हैं। इससे एक नयी परम्परा पड़ जाएगी। जो कारखाने सही काम कर रहे हैं, ठीक तरह से चल रहे हैं वे भी कहेंगे कि पैसा लेना है, लिहाजा कारखाने को बीमार करो। अब तक तो फर्जी बीमारी के सर्टिफिकेट बना करते थे अब ये कारखाने भी यही काम करने लगेंगे। ये नुकसान दिखाना शुरू कर देंगे। इस वास्ते मैं मांग करता हूं कि चीनी उद्योग का आप राष्ट्रीयकरण करें। साथ ही ऐसी शक्तिशाली कमेटी बनाएं जो जगह-जगह जा कर जांच पड़ताल कर सके जहां भ्रष्टाचार हो रहा है। गन्ना खड़ा है फिर इसको क्यों नही पैरा जा रहा है, इसकी जांच कर सके। किसान कहां उस गन्ने को ले जाएगा? उसे दूसरी फसल बोनी है। ट्रांसपोर्ट और तुलाई आदि में धांधली की जाती है। ऐसा काम आप करें ताकि किसान का हित हो सके, गन्ना किसान बेच सके, उसका हित हो सके।

आप रुग्ण मिलों के पीछे लगे हुये हैं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि किसान ज्यादा रुग्ण है। सही मूल्य की बात कौन कहे? उस को तो मेहनत का पैसा भी नहीं मिलता है। यही हालत रही तो उत्तर प्रदेश और बिहार का किसान बहुत जल्दी आन्दोलन छेड़ देगा और आप उसको रोक नहीं सकेंगे।

बेचारे किसान का गन्ने का पैसा पांच-पांच साल से बकाया पड़ा हुआ है, वह उसको मिल नहीं रहा है। यह कहा जाता है कि हम हिसाब बना रहे हैं। वह पैसा कहा चला गया है। यह ठीक नहीं है। उनको बकाया राशि का भुगतान होना चाहिये।

गन्ना किसान जो इतना पैसा टेक्सों का देता है और इतना ज्यादा आपको उससे लाभ होता है और जहां अच्छी गन्ने की फसल होती है वहां उन गन्ना किसानों के लिये ट्यूबवैल्स, नलकूप बनाने में वरीयता दी जानी चाहिये। आज उसकी खुली लूट हो रही है। जब टेंडर होता है, जब पर्चियां पड़ती है, तो उसमें भी बहुत धांधली होती है। ट्रक वालों की, ट्राली वालों की पड़ जाती है और बल गाड़ी वालों को नहीं पड़ती है। बैल गाड़ी वालों को कहा जाता है कि आज तुलाई नहीं होगी। कल भी नहीं होगी। जब वे कारण पूछते हैं तो जवाब मिलता है कि कम पेर रहे हैं....

**सभापति महोदय** : ठोस सुझाव दें।

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** : जो हालत चल रही है उससे ज्यादा दुखदायी स्थिति

किसान की ओर कोई नहीं हो सकती है। आपको चाहिये कि जो तोलने की मशीनें है उनकी आप फौरन जाच करवायें। जो इंजीनियर वगैरह आपके लगे हुये हैं, उन पर आप खास तौर से नजर रखें। नब्बे प्रतिशत तोल की मशीनों में गड़बड़ी है। और किसानों की जेब काटी जाती है। क्रशर मालिकों के ऊपर आप कीमत तय करें। अभी मनमाने ढंग से वह कम पैसा देते हैं। क्या आपने प्राइवेट क्रशर्स मालिकों पर कोई पाबन्दी लगायी है ताकि किसानों का शोषण न कर सकें? किसानों का गन्ना 10 या 12 रु० क्विंटल न खरीद सकें? जहां-जहां किसानों की शिकायतें चल रही हैं, चाहे सामूहिक रूप से या व्यक्तिगत रूप से, मैं चाहूंगा कि तुरन्त सरकार की ओर से उनकी जांच की जाये और जहां लाखों रुपये की धांधली है, जैसे शेखूपुर, शुगर मिल्स, वहां सी० बी० आई० से आप जांच करा कर संबंधित लोगों को दंडित करें। इतना ही कह कर मैं आपको धन्यवाद देता हूं, और इस बिल का विरोध करता हूं।

SHRI CHITTA BASU (Barasat): Sir, so far as the objective of the Bill is concerned, it is commendable.

MR. CHAIRMAN: You started at 4.20.

(*Interruptions*).

SHRI CHITTA BASU: He says that I have to complete by 4.20.

MR. CHAIRMAN: No, no. I said you started at 4.20.

SHRI CHITTA BASU: I started at 4.20, but I am not a '420'.

Sir, the Bill provides for a four-fold objective. It is to rehabilitate the sugar mills, to modernise them, to encourage research and also encourage development of sugarcane. So far as this four-fold objective is concerned, I think nobody in the House will have a different opinion other than the opinion held by the hon. Minister.



SHRI D. P. YADAV (Monghyr): We support it.

SHRI CHITTA BASU: But the question is: Does this Bill provide really for an instrument to achieve this purpose? If that question is posed—I am sorry, of course we are dealing with 'swet' subject, that is, sugar, but my reply is bitter and bitter not only in words, but in content also. I do not like to dilate much on the subject because it is all quite known to the hon. Minister—what is caled the basic reason for the sickness of the sugar industry.

Sugar industry is one of the oldest industries in our country. It is an agro-based industry and the people of our country want that this industry should further prosper. With its prosperity is linked the prosperity of the vast peasant masses of our country and other sections of our society. The whole thing is and I say it with all emphasis at my command, that the hon. Minister has concealed the basic fact which led to the sickness of the industry, that is, the mismanagement and malpractices indulged in by the sugar mill owners. A sugar mill gets sick, but never does a sugar mill owner becomes poor. The more the sickness of the mill the larger the wealth accumulated with the sugar mill owner. Here is the paradox. The reason is that they have not taken interest in the modernisation of the industry and in introducing new technological innovations. Rather they have earned by illegal, visible or invisible, means in other areas of industry. This is what is called in our economic terminology, 'siphoning off capital'...

PROF. N. G. RANGA: And waste it on luxuries.

SHRI CHITTA BASU: ..and waste it by luxurious spending, and also sometimes—Prof. Ranga, you are a veteren, you knows it—by giving a fairly fat donation to your Party to run the elec-

[Shri Chitta Basu]

tion. As a matter of fact sugar industry is one of the industries which produces black money. It does not only produce sugar but also produces black money. By producing black money it produces corruption. By producing corruption the entire social fabric of our life is being exposed to un-precedented corruption at the place of authority. (*Interruptions*).

Do not provoke me to say all those things.

The basic problem remains—how can you prevent this sephoning of capital? How can you prevent this kind of malpractice and mismanagement of the sugar mill owners?

I want modernisation. Eveybody wants that. With modernisation we can increase sugar production of our country. With this modernisation we can have cheaper sugar for the consumer. With modernisation we can also have export promotion and with export promotion our national economy can be further strengthened. Therefore, it is not merely a simple question of imposing certain cess, collecting money and distributing the money. Each is linked with the vital aspect of the economy of our country. f you have wider economic interest of the country in view, my humble submission to you and particularly to the Members of Congress (I) is that they should suport that nationalisation is the only way out. I can only just cite...

MR. CHAIRMAN: I had been expecting that you would speak on the various facets of modernisation—of course, out of baggasse you can produce paper, and out of molasses you can produce alcohol. All these ideas are there in the Gundurao Committee Report.

SHRI CHITTA BASU: The Bill on the other hand provides further incentives for the sugar mill owners to earn more money on this pretext and that pretext while the necessity is to see that modernisation is carried on under the auspices of the Government. Government wants to give more to those wicked mill owners so as to create more black money and indulge in mismanagement.

The development of sugar cane is one aspect. With the development of the sugar cane the fate of the growers is also linked. What is the fate of the growers? They are not getting a remunerative price. On many occasions I explained it and I do not take more time of the House to explain it now.

The decision taken by the Government is paradoxical. One is a statutory minimum price fixed by the APC—Agricultural Prices Commission. Again the hon. Minister for Agriculture comes and says—"there should be advised price, as advised by the Prime Minister." Therefore, there is one set of price for the growers which is called a statutory minimum price fixed by the A.P.C. There is another set of price which is called the advised price as advised by the Prime Minister. Under the advised price category U.P. gets Rs. 21.50, Bihar gets Rs. 20.00 Maharashtra I do not know. Probably it is round about Rs. 20 or 21.00. What is the fun in it? You fixed Rs. 13.00 per quintal as APC's price and then you want the State Governments to fix advised price. That advised price does not go at the advice of the single source. Sir, advised prices are multi-pronged and therefore, the peasants do not know what is the actual fate awaiting for them. Therefore, the Government should make this position clear. There is no nexus between the stautory prices and the advised prices. There should be one set of prices which is beneficial, fair and remunerative to the growers of our country. There should not be any other price scale. And that price should be made available to the agriculturists and it should be ensured that they get it.

RAO BIRENDRA SINGH: You want to help the factories!

SHRI CHITTA BASU: Coming to the sugarcane production, it is very much connected with this. You know, this

year, the sugarcane production has touched all-time high of 180 million tonnes in 1981-82. Some of my friends, I think Mr. Rawat mentioned that in certain parts of Uttar Pradesh where I had been recently, the peasants could not sell their sugarcane. Therefore, there is over-production or surplus production. May I know from the hon. Minister whether it is known to him that many of the sugar mills have already closed the crushing? They have already closed the crushing or about to close down the crushing in many parts.

AN HON. MEMBER: No.

SHRI CHITTA BASU: All right. If it is not closed, it is all the more good. But they are going to stop crushing within a very short time. You tell them, guide them and direct them that all the sugarcane should be consumed and before that crushing should not be stopped. But if you assure them...

RAO BIRENDRA SINGH: Don't worry.

SHRI CHITTA BASU: That is alright. Stand up and say. And also please say are you going to give them certain further concessions for the continuance of crushing?

RAO BIRENDRA SINGH: Of course.

SHRI CHITTA BASU: Now the cat is out of the bag. While you propose that the crushing will continue and sugarcane will be taken by the mills, you say for them they should be given further extra relief or further concessions. Sir, there is another concession which is being given to the sugarcane mill owners. Therefore, that would lead to further increase in price and that would lead to further increase to the miseries of the consumers. That is not beneficial to the growers.

RAO BIRENDRA SINGH: You want them to close down?

SHRI CHITTA BASU: I do want that they should continue crushing and the growers should get the remunerative prices. I also want that the sugarcane mill owners should not get extra benefit because it is not the mercy that they are doing. It is the industry. It is not at their mercy; we are not at their mercy. You may be at their mercy. But we on this side are not at the mercy of the sugar mill owners.

RAO BIRENDRA SINGH: Because you have no responsibility.

SHRI CHITTA BASU: Last point. I do not like to take much of the time. Now the Government says that the sugar production is very comfortable. (*Interruptions*).

For the current year, the total sugarcane production is something of the order of 67 to 68 lakh tonnes. The carry over figure of the last year is something like that of 9.94 lakh tonnes or 10 lakh tonnes. The total availability of sugar today in the country is something of the order of 76.94 or 77 lakh tonnes. The consumption figure is something like 57 lakh tonnes. There is a surplus of 20 lakh tonnes. Inspite of a greater amount of the availability of sugar, why does the sugar price not come down? May I suggest that the Government should take a policy decision to increase the proportion of the levy sugar so that prices can be brought down. While there is adequate stock in our country, for about 20 lakh tonnes, and now we are in surplus, the Government proposes to have a bufferstock. I welcome this measure. What is the method of building up the buffer stock? At what price? How will they purchase? Would the Government make the position clear as to whether they want to have a buffer stock of 6 lakh tonnes and, if they have decided to have a buffer stock of 6 lakh tonnes, what is the modality of procuring it, what will the price for it and at what price they will sell it to the consumer?

Coming to the last point....

MR. CHAIRMAN: The last point should be a juicy point. We are discussing sugar.

SHRI CHITTA BASU: It is a very juicy point; very sweet but it will be bitter to him. I want to make it sweet

[Shri Chitta Basu]

but it may taste bitter to him because it is truth.

Now, the Government proposes to export sugar. The International Sugar Organisation has agreed to give India a special quota. It is reported that the Commerce Ministry—my hon. friend the Commerce Minister is there—have undertaken a study regarding the possibility and the potential of sugar export. They have tentatively come to a decision that 6 lakh tonnes of sugar of this year can be exported to foreign countries. What is the price of sugar for export? What price are they bringing by exporting sugar? The international price of sugar today ranges between Rs. 3,300 to Rs. 3.400 per tonne whereas the home market price is something like Rs. 5,100 per tonne. The Commerce Ministry has come to this conclusion that by exporting 1 tonne of sugar, we are going to involve a subsidy of Rs. 1,700. Is it sweet or is it bitter? I leave it to him. By exporting 6 lakh tonnes of sugar from our country, we will have to lose by way of subsidy a total amount of Rs. 85 crores. This is what has been calculated by the Commerce Ministry. I think, it is not very sweet. It is very bitter because our consumers have to pay more for sugar in this country which we produce and which is produced at the cost of the toil and soil of the growers of the country. And we are going to export it at a subsidy of Rs. 1700 per tonne. Therefore, it is not a sweet one; it is a bitter one.

I hope, the Government would understand that this is a very dangerous and a disastrous policy that they are likely to follow. Their policy should be to see that sugar units are rehabilitated properly and modernised effectively. They should involve the growers' support by way of spending more for the development of sugarcane and also by way of giving satisfaction to the vast masses of our peasantry. That alone will help the Government to survive. Otherwise, they will fail.

**कृषि तथा ग्रामीण विकास तथा नागरिक पूर्ति मंत्री (राव बीरेन्द्र सिंह) :** माननीय चेयरमैन, साहब, बहुत से साथियों ने बड़ी दिलचस्पी दिखाई, इस विधायक के ऊपर।

**एक माननीय सदस्य :** विधेयक के ऊपर।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** मैं हिन्दी नहीं बोल सकता हूं, आज पहली बार हिन्दी बोलने की कोशिश कर रहा हूं। आहिस्ता आहिस्ता आप से सीख लूंगा।

बहुत से साथियों ने हमारी जानिब से बहस में हिस्सा लिया, वे माननीय मेम्बर ऐसे हैं जिन का ताल्लुक शुगर इंडस्ट्री से है, वे खुद फार्मर्स हैं, जैसे प्रो० रंगा, विखे पाटिल साहब, हमारी बहन श्रीमती कृष्णा साही, जमीलुर्रहमान साहब, हरीश रावत, जी—इन सब साहबान ने जो बातें कहीं वे इनके अनुभव की हैं। अब जहां तक डागा साहब का ताल्लुक है—वह वकील हैं, तनकी निकालना उनका रात दिन का काम है। वह कोई भी मुकद्दमा हो उसमें कुछ न कुछ ईशूज ढूंढ लेते हैं। डागा साहब ने जो बातें कहीं हैं मैं उनकी आशंका को दूर कर दूंगा, उनको शायद कुछ गलतफहमी हो गई है . . .

**सभापति महोदय :** अक्सर होती है।

**एक माननीय सदस्य :** बहुत सीधे हैं।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** मैं कब कह रहा हूं कि सीधे साधे नहीं हैं। देखने में बड़े भोले भाले हैं। बहुत से मेम्बर्स ने उधर से भी अपनी राय जाहिर की है। चित्त बसु

साहब ने तो अपना मुंह आप ही कड़वा कर लिया, इस में हमारा कोई कसूर नहीं है। सुधीर गिरि साहब सब से पहले बोले थे, प्रो० अजीत मेहता साहब, मुरगैयन साहब बोले, कश्यप साहब बोले, बहुत से लोगों ने अपोजीशन से हिस्सा लिया लेकिन उन सब से एक बात यह निकली कि हमारा मकसद बहुत अच्छा है। लेकिन उन सबने एक शंका जाहिर की कि उस मकसद को हम पूरा नहीं कर पायेंगे ....

**श्री चित्त बसु** : करना भी नहीं चाहते हैं।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Election manifesto is very clear.

**राव बीरेन्द्र सिंह**: इसमें इनकी तसल्ली नहीं है, इतमिनान नहीं है, इनको शक है कि हम पूरा नहीं कर पायेंगे। असल में वे सरकार की काबलियत को अपने से नापते हैं जो मकसद हमने अपने सामने रखा है, हम जानते हैं उस को कैसे पूरा करना है। आप ने जो सुझाव दिये हैं उन पर हमारा ध्यान है, ये सारी बातें पहले से हमारी निगाह में आ चुकी है और आज जो खदशात और खतरे आपने बतायें हैं हम उनसे बे-बेहरा नहीं हैं, उनके इलाज भी हमारे पास हैं। जिस चीज़ को लेकर आज हम **आप** सामने आये हैं, उसकी जरूरत थी यह तो आप ने माना है। शुगर इंडस्ट्री हमारे देश की बहुत अहम इंडस्ट्री है। किसानों का भविष्य और खुशहाली इस के ऊपर निर्भर है—यह भी सबको मालूम है और इस वक्त सबसे बड़ी एग्रो इंडस्ट्री अगर देश की गिनी जाय तो पहले नम्बर पर शुगर इंडस्ट्री है, उसके बाद टैक्सटाइल का नम्बर आता है, बाकी इंडस्ट्रीज में किसान का इतना माल नहीं खपता है। नेशनेलाइजेशन की बात की जाती है कुछ पार्टियां ऐसी हैं, जिनको ख्वाब में भी वही नजर आता है।

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : आप की पार्टी वाले भी यह चाहते हैं।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : अपनी पार्टी वालों को हम समझाएंगे हैं, तो वे समझ जायेंगे।

**श्री रामावतार शास्त्री** : बिहार विधान सभा और उत्तर प्रदेश की विधान सभा के एक मत से प्रस्ताव पास किया है।

**श्री चन्द्रजीत यादव** (आजमगढ़) : कांग्रेस पार्टी ने भी राष्ट्रीयकरण के लिये प्रस्ताव पास किया है।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : मैं इसको मानता हूं। हम उस चीज की तरफ जा रहे हैं। श्री चन्द्र जीत यादव को याद होगा कि वे पहले किस पार्टी में थे।

**श्री चन्द्र जीत यादव** : कांग्रस पार्टी का रेजोलूशन है।

**श्री रामावतार शास्त्री** : आपकी पार्टी के अन्दर भी बहुत सारे ऐसे लोग हैं, जो इस को चाहते हैं।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : मैं बार बार बतला चुका हूं कि जहां तक शुगर इंडस्ट्री का ताल्लुक है, यह करीब करीब ऐसी ही है जैसे नेशनेलाइज हो गई हो। 56 फीसदी शूगर आज कोआपरेटिव शुगर फैक्टिरियों में पैदा होती है। आयन्दा के लिये हमने तय किया है कि हम इस को तरजीह देंगे। कोआपरेटिव शूगर मिल्स को लाइसेंस के बारे में तरजीह दी जायगी। साथ ही आज भी 50 पर सेंट से ज्यादा ऐसी कोआपरेटिव शूगर फैक्टरीज हैं, जिनके एक्सपेंशन के लिये हमने प्रोवाइड किया है, शूगर इंडस्ट्री के लिये अभी हमने गुंजाइश रखी है लेकिन उसमें भी जैसा कुछ माननीय सदस्यों ने कहा हमने यह तय किया है कि अगर रूरल डेवलपमेंट में कोई प्राइवेट इंडस्ट्री शुगर की, खास

[श्री राव बीरेन्द्र सिंह]

दिलचस्पी नहीं लेती है, तो हम उसके एक्स-पेंशन को जल्दी से मंजूर नहीं करेंगे क्योंकि हम यह चाहते हैं कि गांवों का नक्शा बदले। शूगर इंडस्ट्री के डेवलमेंट के साथ साथ गांवों में सड़कें बनें और गांवों के अन्दर भी और सहूलियतें महय्या हों और किसानों को अच्छे भाव मिले। इससे उनकी हालत अपने आप बेहतर होगी। वहां पर एजूकेशनल इंस्टीट्यूशन्स खुलेंगी, अस्पताल खुलेंगे। बहुत सी शूगर फैक्टरीज ने तो यह शुरू भी कर दिया है और खास तौर पर काम्रापरेटिव सेक्टर में शूगर फैक्टरीज ने यह किया है मैंने महाराष्ट्र में जाकर देखा और श्री विखे पाटिल के साथ मैं गया और मैंने देखा कि वहां पर उन्होंने कालेज खोले हुए हैं, अस्पताल खोले हुए हैं और दूसरे ऐसे काम किये हैं। इसी तरीके से हम प्राइवेट से भी उम्मीद कर सकते हैं।

इसके अलावा जो इंडस्ट्री बीमार होती हैं, जो मिल सिक होता है, उस को सरकार ने अपने हाथ में लेने के लिये कानून बना रखते हैं। इंडस्ट्रियल डेवलमेंट एक्ट के तहत भी हम उन को ले सकते हैं और हमारा शूगर **इंडस्ट्री टेक-ओवर आफ मैनेजमेंट एक्ट** भी है, जिसके तहत हमने 8 फैक्टिरियां ली हुई हैं। यह भी आप जानते हैं कि तीन साल की अवधि उनको अपने हाथ में रखने के लिए रखी है लेकिन तीन साल पूरा होने के बाद हमने उनको वापस नहीं किया। हमने तीन साल की मियाद और बढ़ा दी है। अब यह पालिसी करीब-करीब वैसी ही है जैसी आप चाहते हैं। आप चाहते हैं कि इंडस्ट्री को खुली छूट न दी जाय। आप मांग करते हैं कि क्रशिंग देर तक होनी चाहिये और कोई गन्ना खेतों में बाकी न रहे। उस के लिये सोचना पड़ेगा कि किस तरीके से हम फैक्टरीज को चलवा सकते हैं। आप लोगों ने मालूम नहीं कहां से इत्तिला हासिल कर ली कि बहुत सी फैक्टरीज बन्द हो गई हैं। चित्त बसु साहब ने इस बारे में कहा। मैं बताना चाहता हूं कि पिछले साल इस वक्त 200 कुछ फैक्टरीज चल रही थीं। 323 के करीब उनकी तादाद थी। मेरी इत्तिला के मुताबिक 323 में से कोई 315 फैक्टरीज अभी चल रही है और धड़ाधड़ गन्ना पेरा जा रहा है लेकिन गन्ना मई के आखीर तक या जून के कुछ अर्से में अगर कुछ गन्ना पेरना पड़ा, तो उस वक्त तक कुछ गन्ना सूख सकता है और रिकवरी कम हो जायेगी। उसके लिये हमें फैक्टरीज को कुछ इंसेंटिव देना पड़ता है और उसके लिए हम सोच रहे हैं। क्रशिंग के लिये इंसेंटिव देने की बात कोई नई बात नहीं है। पिछले साल भी यह किया था और हमारी इस नीति की बजह से यह हुआ है कि 38 लाख टन की पैदावार जहां आप ने छोड़ी थी, आज हम 70 लाख टन तक ले जाने में कामयाब हुये हैं और यह हमारी शूगर पालिसी की वजह से हुआ है।

**श्री जगपाल सिंह** (हरिद्वार) : जब प्रोडक्शन कम था, तो लोगों को चीनी सस्ते दामों में मिली।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : तभी पटरा कर दिया था आप की सरकार ने। हमारी पालिसी को बदल दिया था और चीनी का डी-कंट्रोल कर दिया था लेकिन फिर वापस आ गये थे वहीं पर, जो हमने किया था। उस चीज को क्यों अपनाया, यह सारी चीज समझ से ताल्लुक रखती है। बैलेंस पालिसी को भी रखना पड़ता है और बैलेंस दिमाग को भी रखना पड़ता है।... (व्यवधान)... खाली बात करने से काम नहीं बनता। हम ने करके दिखाया है।

चेयरमैन साहब, एक एतराज यह भी किया गया कि दो बिल क्यों लाये? एक बिल तो मनी बिल है पैसा वसूल करने के लिये और दूसरा बिल है, उसको खर्च करने के लिये, एप्रोप्रियेशन के लिये और स्पीकर साहब की इस बारे में रूलिंग है इस हाउस के अन्दर।

और इस तरह के बिल अलग अलग लाने चाहिये । स्पीकर साहब की रूलिंग का एहतराम करते हुये सरकार ये बिल अलग अलग लायी है । अब हम आपका एतराज कैसे मान लें ? जब हाउस में यह रूलिंग दी जा चुकी है तो फिर हम कैसे एक बिल लाते । वरना तो इसमें कोई दिक्कत नहीं थी ।

कुछ सवाल डागा साहब ने खड़े कर दिये कि इस पर पार्लियामेंट का कोई कंट्रोल नहीं रहेगा, उसका कंट्रोल कम किया जा रहा है, अफसर पालिसी बनायेंगे और चलायेंगे । मुझे समझ में नहीं आता कि उन्होंने यह बात कहां से निकाल ली । मैं डागा साहब को बताना चाहता हूं कि डेमोक्रेसी में पालिसी सरकार की चलती है, पालिसी हम बनायेंगे, पालिसी बिल में नहीं हुआ करती है । यह डेमोक्रेसी का तरीका है कि पालिसी पोलिटिशियंस तय करते हैं । पालिसी सरकार की होती है और अफसर उसे चलाते हैं ।

**श्री मूल चन्द डागा** : पालिसी संसद बनाती है, उसको इम्प्लीमेंट सरकार करती है ।

**राव विरेन्द्र सिंह** : पालिसी गाईड लाइंस बिल में नहीं लायी जाती है । सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह जो रूल बनाये उसको पार्लियामेंट के सामने पेश करे । वे पेश होंगे ।

PROF. N. G. RANGA: He cannot give all the details in the Bill. That will come in the Rules and they will be placed on the Table of the House.

**राव वीरेन्द्र सिंह** : अगर आप चाहें तो उन रूल्स में तबदीली कर सकते हैं । पालियामेंट चाहे तो रूल्स तबदील कर सकती है ।

PROF. N. G. RANGA: There is a Committee of the House.

SHRI MOOL CHAND DAGA: The rules must be laid on the Table of the House.

PROF. N. G. RANGA: It is provided in the Bill.

**राव वीरेन्द्र सिंह** : दूसरी बात आपने कही कि अकांउंटेट जेनरल द्वारा आडिट होना चाहिये और पार्लियामेंट के सामने हिसाब आना चाहिये । जब यह पैसा सरकार वसूल कर रही है तो वह कंसोलिडेटिड फंड में जाएगा और जो भी पैसा कंसोलिडेटिड फंड से एप्रोप्रियेट किया जाता है उसके लिये पार्लियामेंट से इजाजत लेनी पड़ती है । जिस तरह से और पैसे के एप्रोप्रियेशन के लिये फाइनेंस बिल में व्यवस्था की जाती है उसी तरह से इसकी भी व्यवस्था होगी । सरकार के और रुपये का जैसे हिसाब-किताब होता है, वैसे ही इस तरह रुपये का भी होगा । जैसे पार्लियामेंट की पब्लिक अकाउंटस कमेटी और हिसाब-किताब को देखती है, वैसे ही इसका भी देखेगी । फिर यह कैसे समझ लिया गया कि पार्लियामेंट को बताया हो नहीं जायेगा ।

SHRI MOOL CHAND DAGA: You kindly try to understand.

